
मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 244, मुंबई, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ईडी का बड़ा एक्शन

## जब्त कीं इकबाल मिर्ची से जुड़ी...

# 600 करोड़ की संपत्तियां



### मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है ईडी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडरवर्ल्ड डॉन इकबाल मिर्ची से जुड़ी 600 करोड़ के कीमत की कई अचल संपत्तियां अटैच की हैं। दाऊद इब्राहिम का करीबी रहे इकबाल मिर्ची ने अंतराष्ट्रीय ड्रग तस्करी और अवैध व्यापार के जरिये अकूत संपत्ति बनाई थी और दुनिया के कई देशों में तमाम अचल संपत्तियां और व्यापार खड़े कर लिये थे। ईडी के अधिकारियों ने बताया, 'विस्तृत जांच के बाद भारत में ये संपत्तियां पकड़ी गईं, जिन्हें निदेशालय ने एक प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर के जरिये जब्त कर लिया है। इन संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 600 करोड़ रुपये है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल बोले- भाजपा-शिवसेना का खून एक

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

# नागरिकता संशोधन बिल राज्यसभा से भी पास

### पक्ष में पड़े 125 वोट, विरोध में 105



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में दोपहर 12 बजे नागरिकता संशोधन बिल को पेश किया। जिसके बाद इस बिल पर ऊपरी सदन में चर्चा हुई। चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने अपना जवाब सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसके बाद राज्यसभा में यह ऐतिहासिक बिल पास हो गया। राज्यसभा में नागरिकता संशोधन बिल पर हो रही वोटिंग के दौरान बिल के पक्ष में 125 और विपक्ष में 105 वोट पड़े। वोटिंग में कुल 230 वोट पड़े थे। शिवसेना ने वोटिंग प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला लिया। अब नागरिकता विधेयक को संसद के दोनों सदनों से मंजूरी मिल गई है। इसके बाद विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा। राज्यसभा में कुल सदस्य 245 हैं। लेकिन फिलहाल पांच सीटें रिक्त हैं।

**शाह बोले- करोड़ों लोगों को फायदा मिलेगा:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल पेश करने के बाद कहा कि इस सदन के सामने एक ऐतिहासिक बिल लेकर आया हूं , इस बिल के जो प्रावधान हैं उससे लाखों-करोड़ों लोगों को फायदा होगा। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश में जो अल्पसंख्यक रहते थे, उनके अधिकारों की सुरक्षा नहीं होती थी उन्हें वहां पर समानता का अधिकार नहीं मिला था ।जो अल्पसंख्यक धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत में आए, उन्हें यहां पर सुविधा नहीं मिली। पाकिस्तान में पहले 20 फीसदी अल्पसंख्यक थे, लेकिन आज 3 फीसदी ही बचे हैं। इस बिल के जरिए हिंदू, जैन, सिख, बौद्ध, ईसाई, पारसी शरणार्थियों को रियातत मिलेगी।

## सीएम उद्धव ठाकरे से मिले कांग्रेस नेता

# नेताओं पर दर्ज केस वापस लेने की मांग



मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को सूबे के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर मांग की कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ बीते 5 वर्षों में दर्ज सभी मामले वापस लिए जाएं। कांग्रेसी नेताओं का दावा है कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ज्यादातर केस राजनीतिक द्वेष के चलते दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि साल 2018 में भीमा कोरेगांव में हुई हिंसा में दलितों के खिलाफ दर्ज किए गए सभी केस वापस लिए जाएं। कांग्रेस नेताओं की यह भी मांग है कि पीएमसी मामले को सीएम उद्धव ठाकरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उठाएं। कांग्रेस का दावा है कि केंद्र सरकार खाताधारकों की मदद नहीं कर रही है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## संक्षिप्त खबर

### मध्य रेलवे भी चलाएगा एसी लोकल ट्रेन, जनवरी से शुरू होगा परिचालन

**मुंबई।** भारतीय रेलवे के सबसे पुराने रूट पर जनवरी से एसी लोकल चलाई जाएगी। मध्य रेलवे के यात्रियों को उमस और गर्मी से राहत दिलाने के लिए एसी कोच चेन्नै से मुंबई आ चुका है। फिलहाल इसे कुर्ला कारशेड में खड़ा किया गया है। मध्य रेलवे ने अपने यात्रियों को नए साल तोहफा दिया है।

पश्चिम रेलवे के बाद अब मध्य रेलवे के यात्री भी वातनुकूलित एसी लोकल में सफर कर सकेंगे। एसी लोकल ट्रेन का कोच मुंबई में आने के बाद उसे सेवा में शामिल करने को लेकर मध्य रेलवे प्रशासन बहुत उत्साहित है। मुंबई मंडल के विभागीय रेल प्रबंधक (डीआरएम) शलभ गोयल ने एसी लोकल ट्रेन को दिखाने के बाद पत्रकारों को बताया कि यह वातनुकूलित रेक सोमवार को आया था। इसे सेवा में लाने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।

एसी लोकल को सही और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 100 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिस दिन यह सेवा शुरू की जाएगी, उसे सबसे पहले महिला मोटरमैन चलाएंगी। यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, इसलिए यात्री संगठनों के प्रतिनिधियों से सलाह ली जा रही है। इसमें सामान्य अथवा प्रथम श्रेणी के कोच नहीं होंगे। इस अवसर पर एडीआरएम पीयूष कक्कड़, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार आदि उपस्थित थे। 54 करोड़ रुपये की लागत से बने कोच में स्वचालित दरवाजे, आकर्षक सीलबंद खिड़कियां, हर कोच में एयर कंडीशनिंग के लिए 2.15 टन क्षमता की माउंटेन पैकेज यूनिट, स्टेनलेस स्टील यात्री सीट और एलईडी लाइट्स की सुविधा मिलेगी।

### OMG! जब शोरूम से नीचे सड़क पर टपकी कार



**मुंबई।** नवी मुंबई के एक कार शो रूम में डिस्प्ले में लगी एक लग्जरी कार पहली मंजिल का शीशा तोड़ते हुए औंधे मुंह नीचे जा गिरी। इस हादसे में एसयूवी कार के परखचे उड़ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एयरबैग्स तक खुल गए। इस घटना की तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला नवी मुंबई के किआ मोटर्स की डीलरशिप का है। जहां पहली मंजिल में खड़ी किआ सेल्टोस मंगलवार को नीचे जा गिरी।

इस हादसे में ड्राइवर को भी हल्की-फुल्की चोटें आईं। यह घटना नवी मुंबई के पनवेल के खांदा कॉलोनी में मंगलवार हुई। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने गाड़ी पार्क करते समय गलती से कार का ऐक्सिलरेटर दबा दिया जिससे पनवेल के कांडा कॉलोनी स्थित शोरूम की पहली मंजिल का शीशा तोड़ते हुए कार नीचे जा गिरी। इस घटना से आसपास हड़कंप मच गया।

लोगों ने इसका विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जमीन पर गिरने से कार के फ्रंट का हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। एसयूवी का विंडशील्ड और फ्रंट बंपर भी डैमेज हो गया। बता दें कि दक्षिण कोरिया की वाहन निर्माता कंपनी किआ मोटर्स ने भारतीय बाजार में अपनी नई एसयूवी गाड़ी किआ सेल्टॉस को लॉन्च किया है।

# नागरिकता बिल पर शिवसेना का बदला स्टैंड, फडणवीस का निशाना- 'क्या कांग्रेस का है दबाव'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने नागरिकता संशोधन बिल को लेकर शिवसेना के रुख पर सवाल उठाया है। फडणवीस ने सवाल किया है कि क्या शिवसेना ने कांग्रेस के दबाव में आकर अपना रुख बदला है। बता दें कि शिवसेना ने पहले लोकसभा में नागरिकता संशोधन बिल के समर्थन में वोट दिया लेकिन राज्य सभा में वोट से पहले शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे ने कहा कि जबतक बिल के बारे में सारी बातें स्पष्ट नहीं की जाती हैं, वह इसका समर्थन नहीं करेंगे।

राज्य में कांग्रेस और एनसीपी के समर्थन से सरकार बनाने वाली शिवसेना पर पूर्व सीएम फडणवीस ने निशाना साधा है। उन्होंने सवाल किया है कि क्या कांग्रेस के दबाव के बाद पार्टी ने अपना स्टैंड बदल लिया है। बता दें कि सेना के लोकसभा में बिल के समर्थन में वोट करने के बाद ट्वीट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिवसेना समेत दूसरे दलों को इशारों में ही संकेत देने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि जो भी इस बिल का समर्थन कर रहा है, वह देश की बुनियाद पर हमला कर रहा है। कांग्रेस ने यह भी कहा था कि अगर शिवसेना राज्यसभा में इस विधेयक पर अपने रुख में बदलाव करती है तो उसका स्वागत है।

पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा था, 'यह (विधेयक) पूरी तरह असंवैधानिक है इसको ध्यान में रखकर अगर शिवसेना राज्यसभा में अपने रुख में बदलाव करती है तो हम इसका स्वागत करेंगे। देश की सभी राष्ट्रवादी शक्तियां भी इसका स्वागत करेंगी।' उन्होंने कहा कि अलग परिस्थिति में दोनों दल महाराष्ट्र में साथ आए हैं, लेकिन उनकी विचारधारा अलग अलग है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व शिवसेना के बिल के समर्थन में वोट देने से खुश नहीं है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने इस मामले में शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत की है। गौरतलब है कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि शिवसेना राज्यसभा में तब तक नागरिकता (संशोधन) विधेयक का समर्थन नहीं करेगी, जब तक कि पार्टी द्वारा लोकसभा में उठाए गए सवालों का जवाब नहीं मिल जाता। शिवसेना ने सोमवार को निचले सदन में विधेयक का समर्थन किया था।

## महाराष्ट्र बीजेपी में सब ठीक नहीं? पार्टी कोर कमिटी बैठक में नहीं आईं पंकजा मुंडे



**मुंबई।** महाराष्ट्र बीजेपी की वरिष्ठ नेता एवं फडणवीस सरकार की पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे मंगलवार को पार्टी इकाई की कोर कमिटी की बैठक में शामिल नहीं हुईं। बीजेपी के खिलाफ परोक्ष रूप से बगावत पर उतरीं पंकजा ने कहा कि चूंकि वह 12 दिसंबर को होने वाली अपनी रैली की तैयारी में व्यस्त हैं, ऐसे में वह बैठक में हिस्सा नहीं ले सकतीं।

पंकजा बैठक में यह बोलकर शामिल नहीं हुईं कि उन्हें 12 दिसंबर को बीड के गोपीनाथगढ़ में होने वाले अपने भाषण की तैयारियों का काम देखना है। अपने पिता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, दिवंगत गोपीनाथ मुंडे की जयंती पर हर साल जनसभा करने वाली मुंडे बीजेपी की मंडल स्तर की बैठकों से भी गायब रही हैं। वह सोमवार को औरंगाबाद में हुई पार्टी की क्षेत्रीय स्तर की बैठक में भी शामिल नहीं हुईं।

हालांकि प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि वह अस्वस्थ थीं, इसलिए इसमें हिस्सा नहीं ले पाईं। मुंडे मंगलवार को मुंबई में हुई प्रदेश बीजेपी की कोर कमिटी की बैठक में इस आधार पर शामिल नहीं हुईं कि वह 12 दिसंबर को बीड में गोपीनाथगढ़ में होने वाली अपनी रैली की तैयारियों में व्यस्त हैं। पंकजा अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में परली सीट पर अपने चचेरे भाई एवं एनसीपी नेता धनंजय मुंडे से हार गई थीं और ऐसी अफवाह है कि वह बीजेपी के साथ खुश नहीं हैं।

## राज्य के महाधिवक्ता बने रहेंगे कुंभकोणी

**मुंबई।** अधिवक्ता आशुतोष कुंभकोणी राज्य के महाधिवक्ता बने रहेंगे। विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद कुंभकोणी ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे कुंभकोणी को राज्य का महाधिवक्ता बनाए रखने का निर्णय किया गया है। इसके बाद इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। भाजपा-शिवसेना की सरकार में कुंभकोणी 7 जून, 2017 को राज्य के महाधिवक्ता बनाए गए थे। कुंभकोणी संविधान विशेषज्ञ माने जाते है। वे हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति भी रह चुके हैं, बाद में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

# 250 ट्रेनों में नहीं मिल रहा चाय-पानी

**मुंबई।** इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों में पैंट्री कार ना होने से यात्रा के दौरान लोगों को कई तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। रेलवे को सबसे ज्यादा शिकायतें सामान पर कीमत से ज्यादा पैसे वसूलने या खराब क्वॉलिटी के खाद्य पदार्थों की आती है। इन शिकायतों के मुक्ति पाने के लिए रेलवे ने ट्रेनों में ट्रेन साइड वेंडिंग (टीएसवी) रखने का निर्णय लिया था लेकिन यह योजना लागू होने में अड़चनें आ रही हैं।

ट्रेनों में वेंडर्स को नियुक्त करने का काम आईआरसीटीसी को दिया गया था। आईआरसीटीसी ने पश्चिम जोन के 21 सेक्शन में टेंडर निकाले थे लेकिन 14 सेक्शन में किसी ने रुचि नहीं दिखाई। एक अधिकारी ने बताया कि जिन सेक्शन में वेंडर ने रुचि नहीं दिखाई, वहां लोकल गुंडों का दबदबा है। ट्रेनों में रेलवे द्वारा आधिकारिक तौर पर सामान बेच रहे लोगों को चाकू दिखाकर भगा दिया जाता है। अधिकारी ने बताया कि लोकल लोगों की दबंगई के चलते यहां कोई वेंडर रुचि नहीं दिखा रहा है। आईआरसीटीसी ने जिन 14 सेक्शन का जिक्र किया है, उनमें सीएसएमटी-दौंड, सीएसएमटी-रोहा, सीएसएमटी-मनमाड, वसई रोड-रोहा, मुंबई सेंट्रल-भरुच सेक्शन भी शामिल हैं। इनमें लगभग 250 ट्रेनें शामिल हैं। ये सभी ट्रेनें मुंबई से सीधे कनेक्ट हैं और आईआरसीटीसी के अनुसार दबंगों की वजह से इन ट्रेनों में कोई ट्रेन साइड वेंडर्स सामान बेचने के लिए तैयार नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए डी.जी.आरपीएफ को पत्र लिखकर मदद मांगी गई है। जहां ट्रेनों में रेलवे वेंडर्स के माध्यम से खाना पहुंचाने में नाकाम रही है तो यात्रियों ने ऑनलाइन फूड डिमांड बढ़ा दी है। आईआरसीटीसी के आंकड़ों के मुताबिक, 2018-19 में वेस्टर्न जोन में प्रतिदिन औसतन 5,128 मील की ऑनलाइन बुकिंग होती थी। अप्रैल 2019 के बाद अब तक यह आंकड़ा बढ़कर 8,018 मील प्रतिदिन पहुंच गया है। ऑनलाइन मील बुकिंग से आईआरसीटीसी को 2018-19 में 20.61 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। इस दौरान कुल 18,75,795 मील बुक किए गए थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हों सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# विक्रोली पार्क साइड में भूमाफिया का आतंक

# मनपा एन/वार्ड के अधिकारी लाचार

## ठेकेदार के आगे मनपा एन/वार्ड के आयुक्त अजीत कुमार अम्बी क्यों है लाचार

**संवाददाता**

**मुंबई।** विक्रोली पार्क साइड में भूमाफिया का आतंक अवैध रूप से बनाई जा रही है दुकान और मकान हम आपको बता दें तस्वीर में दिख रहा है 2 महीना पहले ही इस जगह को अवैध बताकर मनपा के एन वार्ड के अधिकारियों ने धड़क कार्रवाई की थी लेकिन अब उसी जगह पर ही वापस से बनाया जा रहा है भूमाफिया का आलीशान घर बी/4 ट्विन हाउस स्कूल नम्बर 3 पार्क साइट में है सूत्रों से मिली जानकारी में यह पता चला है ठेकेदार का दावा है कि मेरे इस अवैध आलीशान मकान पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे अभियंता चौहान साहब ठेकेदार आजाद का दवा। ठेकेदार आजाद का कहना है कि मेरे कोई भी अवैध कामों पर मनपा एन/वार्ड के सहायक अभियंता बिल्डिंग/कारखाना विभाग के अधिकारी चौहान साहब कोई कार्यवाही नहीं करेंगे क्योंकि मैंने अजीत कुमार अम्बी को लाखों रुपया दिया हूं अजीत कुमार अम्बी मनपा एन/वार्ड के सहायक आयुक्त है। रहवासियों का कहना है कि बीएमसी वार्ड स्टाफ और पुलिस तक भू माफियाओं से काफी परेशान हैं। उनका कहना है, 'यहां बहुत भाईगिरी है।' इस इलाके में हिंसा की आशंका बनी रहती है, यहां भूमाफिया के गिरोह का असर साफ देखा जा सकता है।









### नाबालिक ठेकेदार का खेल

विक्रोली पार्क साइड के ठेकेदारों का खेल हम आपको बता दें विक्रोली पार्क साइड में काफी अवैध रूप से दुकानें और मकाने बनाए जा रहे हैं और अभी तक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है ठेकेदारों का कहना है कि अब हमारे मनपा एन वार्ड में हमारे माई बाप अजीत कुमार एम्बी साहब आ गए हैं अब हमें फिक्र करने की कोई जरूरत नहीं है ऐसा दवा ठेकेदार कर रहे हैं।

### कब करेंगे सहायक अभियंता चौहान इस अवैध मकान पर कार्रवाई?

### ठेकेदार के दिल में किसका था डर भाग्यश्री कापसे

स्थानिक सोशल वर्कर विक्रोली पार्क साइड के लोगों का कहना है कि जब से अजीत कुमार एम्बी आए हैं जब से काफी अवैध मकान और दुकानें बनाई जा रही है और नाबालिक ठेकेदार जो कि अपने आप को कहते हैं ठेकेदार उनकी भी दादागिरी सामने आ रही है सूत्रों से मिली जानकारी में यह पता चला है ठेकेदारों के नाम फारुख उर्फ दाढ़ी और असलम उर्फ प्यारे और भी ठेकेदारों के नाम जल्दी हमारे न्यूजपेपर के जरिए प्रकाशित करते रहेंगे देखते हैं मनपा के अधिकारी कब कार्रवाई करते हैं।

## 'रूठे' एकनाथ खडसे को रोकने के लिए 'अपनों' पर ऐक्शन लेगी बीजेपी?

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार बचा पाने में असफल रही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुलाकात करके दबाव भी बढ़ा दिया है। अब पार्टी नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा है कि एकनाथ खडसे की समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी उनसे चर्चा करेगी। बता दें कि एकनाथ खडसे ने आरोप लगाए थे कि पार्टी के ही कुछ नेताओं ने विधानसभा चुनाव में उनकी बेटी रोहिणी खडसे और मंत्री रहीं पंकजा मुंडे को चुनाव हराने का काम किया।

अपने आरोपों को साबित करने के लिए एकनाथ खडसे ने पार्टी के सामने सबूत भी रखे हैं। इसी संबंध में सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, 'हमने मीटिंग में फैसला लिया है कि एकनाथ खडसे जी से चर्चा की जाएगी और उनकी समस्याओं का हल निकाला जाएगा। उन्होंने कुछ सबूत भी सौंपे हैं। जिसने भी पार्टी के खिलाफ काम किया है, उसे पार्टी से निकाला जाएगा।'

कथित तौर पर बीजेपी से नाराज चल रहीं पंकजा मुंडे के पार्टी की कोर कमिटी की मीटिंग में ना आने के सवाल पर मुनगंटीवार ने कहा, 'पंकजा मुंडे ने महाराष्ट्र के बीजेपी चीफ से अनुमति ली थी कि वह मीटिंग में नहीं आएंगी।' बता दें कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद से ही पंकजा मुंडे भी पार्टी से नाराज बताई जा रही हैं। उन्होंने 12 दिसंबर को अपने समर्थकों की एक मीटिंग बुलाई है, जिसमें वह कोई बड़ा फैसला ले सकती हैं। दूसरी तरफ एकनाथ खडसे ने मंगलवार को शिवसेना चीफ और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद बीजेपी खेमे में खलबली मची हुई है। हालांकि, एकनाथ खडसे ने यह भी कहा है कि वह शिवसेना में शामिल नहीं हो रहे हैं। उद्धव ठाकरे स मुलाकात के बाद खडसे ने कहा, 'मैं शिवसेना में शामिल नहीं हो रहा हूं। मैं बीजेपी से नाराज भी नहीं हूं। मैं बीजेपी के दो-तीन नेताओं से नाराज हूं।'

## बीएमसी चुनावों पर भाजयुमो की रणनीति

**मुंबई।** भाजपा और शिवसेना के बीच रिश्ते खत्म होने के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आगामी बीएमसी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। दादर स्थित मुंबई भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में भारतीय जनता युवा मोर्चा मुंबई के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह तिवाना ने अभी से काम पर लग जाने का आदेश दिया। वे खुद 227 प्रभागों का दौरा करेंगे।

तिवाना ने 2022 में होने वाले बीएमसी चुनाव पर फोकस करते हुए मुंबई के सभी 227 वॉर्ड में भाजयुमो संगठन को मोहल्ले स्तर पर मजबूत करने का फैसला किया। चुनावों में अपने दम पर मैदान में उतरने की रणनीति पर काम करने में जुट गई है। तिवाना ने बताया कि इस बारे में वह खुद सभी 36 विधानसभा क्षत्रों और सभी 227 वॉर्डों का दौरा करेंगे और संगठन से सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम करेंगे। तिवाना का दौरा 12 दिसंबर से शुरू होगा और 24 दिसंबर तक चलेगा।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल बोले- भाजपा-शिवसेना का खून एक



## हम 30 साल तक अच्छे दोस्त रहे

**पुणे।** महाराष्ट्र की राजनीति में 30 साल तक एक-दूसरे के साथ खड़ी रही शिवसेना और भाजपा आज अलग-अलग राह पर है, लेकिन उनके नेता आज भी चाहते हैं कि दोनों पार्टियां फिर एक बार साथ आएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने बुधवार को पुणे में कहा कि भाजपा-शिवसेना में 'हिंदुत्व' का समान खून है। दोनों पार्टियां एक साथ 30 साल तक रही हैं। जनता ने दोनों को जनादेश दिया था। हम आशावादी हैं कि हम फिर एक साथ आएंगे। इससे पहले मंगलवार को शिवसेना के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी ने कहा था कि भाजपा और शिवसेना निकट भविष्य में एक साथ आ सकते हैं। पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे सही समय पर इस पर फैसला करेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम जोशी ने मंगलवार को कहा- छोटे मुद्दों पर लड़ने की जगह बेहतर है कि कुछ बातों को बर्दाश्त किया जाए। जिन मुद्दों को आप दृढ़ता के साथ महसूस करते हैं, उसे साझा करना अच्छा है। अगर दोनों दल साथ में काम करते हैं तो यह दोनों के लिए बेहतर होगा। जोशी ने कहा- ऐसा नहीं है कि शिवसेना अब कभी भाजपा के साथ नहीं जाएगी। उद्धव ठाकरे सही समय पर सही निर्णय लेंगे। इधर, दोनों दलों के बीच चर्चा के दरवाजे खुले होने के मुद्दे पर चंद्रकांत पाटिल ने कहा- हमने कभी दरवाजे बंद नहीं किए, दरवाजे पहले भी खुले हुए थे। हमारे अंदर कोई अहम नहीं है। अगर आप आते हैं तो आपका स्वागत है।

**खडसे की शिकायत पर कार्रवाई होगी:** इससे पहले महाराष्ट्र भाजपा ने पार्टी के अंदर चल रहे कलह को खत्म करने की ओर बड़ा कदम बढ़ाया। भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में भाजपा नेता एकनाथ खड़से की शिकायत पर चर्चा हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि पार्टी के खिलाफ काम करने वालों को पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। मंगलवार को हुई बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य में पार्टी के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल और अन्य नेता मौजूद रहे।

**बैठक में पंकजा मुंडे नहीं पहुंचीं:** भाजपा नेता सुधीर मुंगतीवाड़ ने कहा– आज की बैठक में एकनाथ खड़से से बातचीत करने का फैसला लिया गया। उनकी चिंताओं का निराकरण किया जाएगा। खड़से ने कुछ सबूत दिए थे, जिसने भी पार्टी के खिलाफ काम किया है उसे पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। वहीं, पंकजा मुंडे बैठक में मौजूद नहीं रहीं। इसे लेकर मुंगतीवाड़ ने कहा कि मुंडे पार्टी अध्यक्ष की अनुमति लेकर गैरहाजिर रही हैं।

# पहले कार की विंडो खटखटाते फिर सीट पर रखे सामान को उड़ा देते थे टकटक गैंग के सदस्य, दो गिरफ्तार



**मुंबई।** बोरीवली पुलिस स्टेशन की अपराध प्रकटीकरण टीम ने टकटक गैंग के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक कार के विंडो पर टकटक करके चालक का ध्यान भटकाता था और वह जैसे ही उनकी ओर देखता था तो दूसरा सदस्य दूसरी ओर से कार की सीट पर रखी चीजें उठाकर गायब हो जाता था। ये ज्यादातर ऐसी गाड़ियों को टारगेट करते थे, जिसमें सिर्फ एक व्यक्ति हो और जिसके विंडो खुले हुए हों। बोरीवली के डीसीपी मोहन दहिकर ने बताया कि सोमवार को बोरीवली इलाके में एक चौराहे पर तैनात दो पुलिसकर्मियों ने आरोपी में से एक को संदिग्ध गतिविधि करते हुए देखा। पुलिस जैसे ही उसके पास पहुंची वह भागने लगा। पुलिस वाले ने उसे दौड़ाकर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने एक साथी का नाम भी बताया। दोनों को धारा 379 और 427 के तहत गिरफ्तार किया गया है। उसे पकड़ने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरुण अनंदन तेवर(25) और शरण कुमार (28) काफी शातिर हैं। तमिलनाडु के रहने वाले दोनों आरोपियों को तमिल के अलावा हिन्दी, अंग्रेजी और मराठी भाषा अच्छी तरह से आती है। इनके पास से एक लैपटॉप और 68 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### ईडी का बड़ा एक्शन

ईडी ने सोमवार को ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े इस मामले में चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें 16 व्यक्तियों के साथ कई फर्मों को आरोपी बनाया गया है। इनमें इकबाल मिर्ची के अलावा उसकी पत्नी हाजरा मेमन, बेटे आसिफ और जुनैद, डीएचएफएल के धीरज वाधवान, उनके सहयोगी रंजीत सिंह बिंद्रा, सन्नी भातीजा, पुरुषोत्तम बुधरानी, इकबाल के सहयोगी हुमायूं मर्चेंट, रिंकू देशपांडे के नाम हैं। पहले प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर के तहत 2010 में 76.32 करोड़ की संपत्तियां प्रोविजनली अटैच की गई थी। इन संपत्तियों में मुंबई के वर्ली में स्थित सीजे हाउस में तीसरी और चौथी मंजिल के अलावा, तारदेव, मुंबई के अरुण चेंबर में एक ऑफिस, वर्ली के साहिल बंगला में तीन फ्लैट, क्राफोर्ड मार्केट में तीन प्राइम कमर्शियल शॉप और लोनावाला में 5 एकड़ से ज्यादा जमीन और बंगला शामिल है। इन संपत्तियों पर इकबाल मिर्ची ने अपने परिवार और रिश्तेदारों के नाम पर कब्जा कर रखा था। ईडी का दावा है कि पीएमएल एक्ट के तहत उसकी जांच में सामने आया है कि इकबाल मिर्ची ने मुंबई और उसके आसपास कई संपत्तियों पर अप्रत्यक्ष रूप से कब्जा कर रखा था। सीजे हाउस के तीसरी और चौथी मंजिल पर उसके परिवार ने 14,000 स्क्वायर फीट एरिया पर कब्जा कर रखा था। इसके अलावा वर्ली में 15 मंजिल की प्राइम कमर्शिलयल प्रॉपर्टी पर कब्जा था। यह प्रॉपर्टी मिलेनियम डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड ने डेवलप की थी। जांच एजेंसी के मुताबिक, प्लॉट के कुछ हिस्से पहले एम के मोहम्मद के कब्जे में थे। इकबाल मिर्ची ने एम के मोहम्मद के साथ एग्रीमेंट किया और प्रॉपर्टी 9 लाख के बदले इकबाल की पत्नी हाजरा मेमन के नाम पर की गई। यह एग्रीमेंट 1986 में किया गया था। हालांकि, 1986 में सिर्फ 20,000 रुपये अदा किए गए उसके बाद इकबाल वहां पर 'फिशरमैन्स वॉर्फ' नाम से एक डिस्कोथेक चलाने लगा। बाद में वर्ली के सीजे हाउस का रिडेवलपमेंट हुआ तो इसमें इकबाल को तीसरी और चौथी मंजिल पर इकबाल की बीवी हाजरा मेमन और उसके बेटे के नाम 14000 स्क्वायर फीट की जगह दी गई। उसी दौरान साहिल बंगला में एक और प्राइम प्रॉपटी थी जो कि इकबाल मिर्ची ने अपने एक रिश्तेदार के नाम पर कब्जा की। ईडी के मुताबिक, 'अवैध फंड को छुपाने के लिए मिर्ची ने सभी जगहों पर एक फ्लैट खरीद लिया। ये फ्लैट उसकी बीवी हाजरा मेमन, बहन जैबुन्निसा मोहम्मद मेमन और भाई असलम मर्चेंट के नाम खरीदे गए थे। इस खरीद के पीछे के मकसद तब स्पष्ट हो गए जब असलम मर्चेंट और जैबुन्निसा ने अपनी संपत्तियां इकबाल की पत्नी और बेटे को गिफ्ट कर दिए।' एजेंसी ने जांच में पाया कि लोनावाला की संपत्ति पहले इकबाल की पत्नी हाजरा मेमन के नाम थी। 2005 में इसे हुमायूं मर्चेंट की कंपनी व्हाइट वॉटर डेवलपर लिमिटेड को ट्रांसफर कर दी गई। हुमायूं मर्चेंट इकबाल मिर्ची का करीबी है। 2010 में व्हाइट वॉटर डेवलपर लिमिटेड ने यह संपत्ति इकबाल के बेटे और भाई के नाम ट्रांसफर कर दी। दूसरे प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर के तहत 500 करोड़ बाजार मूल्य की 3 संपत्तियां जब्त की गईं। ये संपत्तियां वर्ली मुंबई की प्राइम लोकेशन में राबिया मैंशन, मरियम लॉज और सी व्यू में थीं। ईडी ने बताया, जांच में सामने आया है कि सनब्लिंक रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने इन संपत्तियों के डेवलपमेंट राइट खरीदने के लिए भारत में अलग-अलग लोगों को 111.80 करोड़ भुगतान किया और दुबई में इकबाल मिर्ची को 154 करोड़ का भुगतान किया। इस भुगतान के बाद इकबाल मिर्ची ने दुबई में मिडवे अपार्टमेंट नाम से एक होटल खरीदा था। जांच में सामने आया है कि फिलहाल इन प्रॉपर्टीज का छद्म मालिकाना किसी सर यूसुफ मोहम्मद ट्रस्ट के पास है, जो इकबाल मिर्ची के लिए काम करता है। यह संपत्तियां मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी हैं इसलिए इन्हें जब्त कर लिया गया है।'

### ...नेताओं पर दर्ज केस वापस लेने की मांग

बैठक के बाद कांग्रेस ने दावा किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस मामले पर काम करने का दावा किया है। इससे पहले एनसीपी ने भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में दर्ज किए गए केस वापस लेने की मांग की थी। एनसीपी ने यह भी मांग की थी कि पिछले पांच साल के दौरान दर्ज किए गए मामलों को भी वापस लिया जाए। एनसीपी का दावा है कि फडणवीस सरकार के दौरान लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमें दर्ज किए गए। वहीं, महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार ने मुंबई के आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले लोगों पर दर्ज केस वापस लेने का ऐलान किया था। माना जा रहा है कि उद्धव सरकार अब किसानों और मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस करने की भी तैयारी कर रही है।









# चिदंबरम जमानत मिलने के बाद पहली बार बतौर वकील सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

## चिदंबरम ने अभिषेक मनु सिंघवी और कपिल सिब्बल के मुवक्किल के खिलाफ दलीलें दी

**संवाददाता**

**आईएनएक्स** मीडिया केस में जमानत मिलने के बाद पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम बुधवार को पहली बार बतौर वकील सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी के मुवक्किल के खिलाफ दलीलें दी। यह घरेलू हिंसा और तलाक का मामला था। सिब्बल और सिंघवी ने आईएनएक्स मीडिया मामले में चिदंबरम के लिए सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखा था। इन दोनों वकीलों की दलीलों के कारण ही चिदंबरम को 4 दिसंबर को 106 दिनों तक तिहाड़ में रहने के बाद जमानत मिली थी। चिदंबरम ने जमानत मिलने के बाद कहा था कि बाहर आकर खुश हूं और आजादी की हवा में सांस ले रहा हूं। सुप्रीम कोर्ट ने चिदंबरम को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि चिदंबरम किसी भी तरह से गवाहों और सबूतों को प्रभावित नहीं करेंगे, मीडिया में कोई बयान और इंटरव्यू भी नहीं देंगे।



**घरेलू हिंसा के मामले में जिरह की**


### चिदंबरम कोर्ट के इजाजत के बिना देश नहीं छोड़ सकते

जस्टिस आर भानुमति की अगुआई वाली बेंच ने कहा था कि चिदंबरम कोर्ट के आदेश के बिना देश से बाहर नहीं जा सकते हैं। कोर्ट ने उन्हें बेल बॉन्ड के रूप में 2 लाख रुपए जमा कराने का निर्देश दिया था। चिदंबरम को इस साल 21 अगस्त को सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में जमानत मिलने के बाद ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार कर लिया था। दोनों ही केस में जमानत के बाद चिदंबरम जेल से रिहा हुए। ईडी ने उनकी जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि यदि उन्हें जमानत मिलती है तो वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, पक्ष और विपक्ष की दलीलों पर गौर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी।

### चिदंबरम ने चेन्नई से कानून की पढ़ाई की है

पी चिदंबरम ने कानून की पढ़ाई चेन्नई स्थित मद्रास लॉ कॉलेज से की है। अब इस कॉलेज को डॉ अंबेडकर लॉ कॉलेज के नाम से जाना जाता है। वे ओला कैब संचालित करने वाली एएनआई टेक्नोलोजी और रिलायंस इंफ्रा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए केस लड़ चुके हैं। उन्होंने जीवीके और लार्सन एंड टूब्रो के साथ हायड्रोपावर परियोजना पर विवाद होने के बाद रिलायंस इंफ्रा के वकील के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में दलीलें दी थी। वे देश के क्लास वन श्रेणी के वकीलों में शामिल हैं।

# नागरिकता विधेयक: मोदी ने कहा- कुछ विपक्षी दल पाकिस्तान की भाषा बोल रहे, बिल को सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा



**नागरिकता** संशोधन बिल पर राज्यसभा में बहस से पहले बुधवार को संसद में भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें नागरिकता बिल पर चर्चा हुई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बिल धर्म के नाम पर पीड़ित लोगों के लिए स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। विपक्षी दल इसके विरोध में पाकिस्तान जैसी भाषा बोल रहे हैं। मोदी ने बिल को ऐतिहासिक बताया है। सरकार को उम्मीद है कि यह बिल उच्चसदन से भी पारित हो जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा है कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के किसानों और कारोबारियों से सुझाव लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दें। राहुल गांधी ने लिखा, यह बिल सरकार का पूर्वोत्तर के लोगों, उनके जीने के तरीके और भारत के विचार पर आपराधिक हमला है। वहीं, लोकसभा में नागरिकता बिल का समर्थन कर चुकी शिवसेना ने राज्यसभा में इस पर अपना रुख साफ नहीं किया है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा था कि जब तक सभी शंकाएं दूर नहीं हो जाती हैं। हम बिल के समर्थन में नहीं हैं। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल नागरिकता बिल का विरोध कर रहे हैं। इनमें राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक भी शामिल हैं। विधेयक में तीन पड़ोसी देशों अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के गैर मुस्लिमों शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है।

# द टॉडलर्स आर्ट कार्निवल- फर्स्ट इंप्रेशन

नामः द टॉडलर्स आर्ट कार्निवल- फर्स्ट इंप्रेशन, दिनांकः शनिवार, 14 दिसंबर 2019, समयः सुबह 10-11:30 बजे, स्थानः द ग्रीन एकर्स एकेडमी, 411-2 / ए हेमू कालानी मार्ग, नटवर पारिख चौक, सिंधी सोसाइटी, चेंबूर के बारे में: द ग्रीन एकर्स एकेडमी आर्ट कार्निवल में सभी माता-पिता और बच्चों को आमंत्रित किया जाता है। 1-3 साल की उम्र के बीच बच्चों के लिए मजेदार कला गतिविधियों के एक दिन के लिए हमसे जुड़ें। बच्चे अपने स्वयं क्रिस्मस-ट्री ड्राइंग बनाएंगे, वे कागज पर क्रिस्मस-ट्री पेंट कर सकते हैं और वे एक मूनवॉकर और बबल पार्टी का आनंद भी ले सकते हैं। अपने बच्चे को अपने भीतर के कलाकार का पता लगने दें। प्रवेशः निः शुल्क, 1-3 साल के बीच के बच्चों तक सीमित।

संपर्क करें: 022 6842 0062 या ईमेल द्वारा
RSVP: playgroup@chembur.tgaa.in




# 4000 लोगों को नागरिकता चाहिए, बता रहे हैं करोड़ों को सताया गया: गुलाम नबी




**राज्यसभा** में नेता विपक्ष गुलाम नबी आजाद ने नागरिकता बिल पर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला किया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि सरकार ने आखिर भूटान, श्रीलंका और नेपाल को क्यों और कैसे छोड़ दिया है? गुलाम नबी आजाद ने कहा कि भूटान श्रीलंका भी हमारा पड़ोसी देश है, म्यांमार भी हमारा पड़ोसी है और नेपाल भी, क्या इन देशों के साथ धार्मिक समस्या नहीं है? इनको क्यों नहीं जोड़ा गया है? नागरिकता बिल में न तो ये देश जोड़े गए हैं और न ही धर्म जोड़ा गया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कौन कहता है कि बांग्लादेश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में मुस्लिम महिलाओं के साथ उत्पीड़न नहीं होता है। वहां भी उत्पीड़न किया गया लेकिन उनको शामिल नहीं किया गया। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि श्रीलंका के हिंदू, भूटान के क्रिश्चियन, बर्मा के जो मुसलमान हैं क्या उनकी समस्या नहीं है?

**सरकार के पास स्पष्ट आंकड़े नहीं:** गुलाम नबी आजाद ने कहा कि सरकार कहती है कि उसके पास शरणार्थियों के कोई स्पष्ट आंकड़े नहीं है, और आप कह रहे हैं कि करोड़ों लोगों के साथ प्रताड़ना हो रही है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि आपके पास कोई आंकड़े नहीं हैं और गृह मंत्री तीन दिन से कह रहे हैं कि करोड़ों लोगों को सताया जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से नागरिकता के लिए पेंडिंग आवेदनों पर चर्चा करते हुए गुलाम नबी आजाद ने कहा कि तीन देशों से लगभग सवा चार हजार लोगों ने नागरिकता के लिए अप्लाई किया है और आप देश को बताते हैं कि करोड़ों लोगों को सताया जा रहा है। गृह मंत्री बताएं कि ये माजरा क्या है?

**समस्या हटाने के लिए बिल लाई सरकार:** गुलाम नबी आजाद ने कहा कि असली मुद्दों से ध्यान बंटाने के लिए सरकार यह सब कर रही है। देश में बेरोजगारी और महंगाई की समस्या से ध्यान बांटने के लिए ये बिल लेकर आई है। उन्होंने कहा कि असम समेत पूर्वोत्तर के कई इलाके इस वक्त जल रहे हैं। नागालैंड और त्रिपुरा जल रहा है। आप कह रहे हैं कि इस बिल से पूरा देश खुश है? उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। असम में सेना की टुकड़ियां तैनात की जा रही हैं। अगर सबकुछ ठीक है और लोग इस बिल से खुश हैं तो ऐसा क्यों हो रहा है।

# 5 देशों के 10 सैटेलाइट लॉन्च

## इनमें भारत का रीसैट-2बीआर1, मुठभेड़-घुसपैठ के वक्त सेना के लिए मददगार होगा



### पीएसएलवी का यह 50वां मिशन

पीएसएलवी रॉकेट की यह 50वीं लॉन्चिंग होगी। श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाने वाले 75वां रॉकेट होगा। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के फर्स्ट लॉन्च पैड से किया जाने वाला यह 37वां प्रक्षेपण है।

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने दोपहर 3:25 बजे भारतीय उपग्रह रीसैट-2बीआर1 और चार अन्य देशों के 9 सैटेलाइट लॉन्च किए। यह प्रक्षेपण पीएसएलवी-सी48 रॉकेट के जरिए आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया। रीसैट-2बीआर1 रडार इमेजिंग अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है। यह बादलों और अंधेरे में भी साफ तस्वीरें ले सकता है। अर्थ इमेजिंग कैमरे और रडार तकनीक के चलते यह मुठभेड़-घुसपैठ के वक्त सेना के लिए मददगार होगा। रीसैट-2बीआर1 और चार अन्य देशों के 9 सैटेलाइट सफलतापूर्वक अपने संबंधित कक्षा में स्थापित कर दिए गए। रीसैट-2बीआर1 पांच साल तक काम करेगा। इससे रडार इमेजिंग कई गुना बेहतर हो जाएगी। इसमें 0.35 मीटर रिजोल्यूशन का कैमरा है, यानी यह 35 सेंटीमीटर की दूरी पर स्थित दो चीजों की अलग-अलग और स्पष्ट पहचान कर सकता है। यह सीमावर्ती इलाकों में आतंकी गतिविधियों और घुसपैठ पर नजर रखेगा। इससे तीनों सेनाओं और सुरक्षाबलों को मदद मिलेगी। इसका वजन 628 किलोग्राम है।

### सुरक्षा एजेंसियों को 4 रीसैट की जरूरत

इसरो रीसैट सीरीज के अगले उपग्रह रीसैट-2बीआर2 की लॉन्चिंग भी इसी महीने करेगा। इसके बाद एक और सैटेलाइट लॉन्च किया जाएगा। हालांकि, इनकी तारीख अभी तय नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों को एक दिन में किसी एक स्थान पर सतत निगरानी के लिए अंतरिक्ष में कम से कम चार रीसैट की जरूरत है। किसी एनकाउंटर या घुसपैठ के समय ये चारों सैटेलाइट उपयोगी होंगे। 6 मार्च तक इसरो के 13 मिशन कतार में हैं। इनमें 6 बड़े व्हीकल के मिशन हैं, जबकि 7 सैटेलाइट मिशन हैं। लॉन्च किए जाने वाले इजराइली उपग्रह का नाम दुचीफात-3 है। इसे इजराइल के हर्जलिया विज्ञान केंद्र और शार हनेगेव हाईस्कूल के 2 छात्रों ने मिलकर बनाया है। यह सिर्फ 2.3 किलोग्राम का है। यह एजुकेशनल सैटेलाइट है। इस पर लगा कैमरा अर्थ इमेजिंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि रेडियो ट्रांसपोंडर वायु और जल प्रदूषण पर शोध करने और जंगलों पर नजर रखने के काम आएगा। इसे बनाने वाले तीनों इजरायली छात्र भी प्रक्षेपण के समय सतीश धवन केंद्र में मौजूद रहेंगे।

**इस सीरीज का तीसरा रीसैट-2 बीआर 2 भी इसी महीने लॉन्च होगा**

रीसैट-2 बीआर1 की लॉन्चिंग के बाद इसरो इस सीरीज का तीसरा रिसैट-2 बीआर 2 इसी महीने के अंत तक लॉन्च करेगा। इसके बाद एक और सैटेलाइट लॉन्च होगा। सुरक्षा एजेंसियों को एक दिन में किसी एक स्थान पर सतत निगरानी के लिए अंतरिक्ष में कम से कम चार रीसैट की जरूरत होगी।

# सरकार व समाज को मिल कर इस समस्या का हल निकलना होगा



अशोक भाटिया


**आत्महत्या** की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते समाज में आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेलवे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना और बंदूक हैं। कारोबार में घाटा, प्रेम में मिली विफलता, पारिवारिक कलह आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पांच लोगों की मौत इसका ताजा प्रमाण हैं। महानगर लोगों में बेहतर, सुविधावादी और खुशहाल जीवन के सपने रोपते हैं। इसी आकर्षण में बहुत सारे लोग गांव और अपने छोटे कस्बे को छोड़ कर महानगरों की तरफ भागते हैं, लेकिन महानगरों के जीवन की समस्याएं एवं भयावह सत्य से जब सामना होता है तो जीवन जटिल एवं समस्याग्रस्त प्रतीत लगता है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के प्रमुख कारणों में बेरोगजारी, भयानक बीमारी का होना, पारिवारिक कलह, दांपत्य जीवन में संघर्ष, गरीबी, मानसिक विकार, परीक्षा में असफलता, प्रेम में असफलता, आर्थिक विवाद, राजनैतिक परिस्थितियां होती हैं। स्त्रियों की अपेक्षा पुरुष अधिक आत्महत्या करते हैं। इसी प्रकार मानसिक विकार के कारण उन्माद, अत्यधिक चिंता, मानसिक अस्थिरता, स्नायुविकार, सदैव हीनता की भावना से ग्रसित रहने, निराशा से घिरे रहने, अत्यधिक भावुक, क्रोधी होने अथवा इच्छाओं का दास होने आदि प्रमुख मानसिक विकार हैं, जिनके अधीन होकर व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है। कोई व्यसन शराब, जुआ, यौन लिप्सा अथवा अपराधी कार्यों, जैसे व्यक्तिगत दोषों की अधिकता के कारण सामाजिक जीवन से अपना तालमेल करने में असमर्थ रहने पर भी आत्महत्या कर लेता है। छात्रों के सिर पर परीक्षा का तनाव प्रतिस्पर्धा के दौर में और भी बढ़ गया है। कुछ अभिवावक व अन्य लोग सर्वाधिक अंकों, उन्नत कैरियर जैसे आईएस, सीए, डॉक्टरी को ही महत्व देते हैं जिससे छात्र पर मानसिक दबाव और बढ़ा देते हैं जबकि उसकी अपनी कुछ विषयों को लेकर रुचि व कठिनाइयां होती हैं। विद्यार्थी जीवन के इन दबावों ने आत्महत्या की घटनाओं को बढ़ाया है। आज रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हैं, व्यापार ठप्प है। बेरोजगारी एवं व्यापार में लगातार हो रहा घाटा अवसाद की ओर ले जाता है और अवसाद आत्महत्या में त्राण पाता है।हर कोई चाहता है कि वह अपने परिवार को अच्छी जिंदगी बसर करने का अवसर उपलब्ध कराए। इसलिए अनेक लोग उद्यम शुरू करते हैं। हालांकि उद्यम और व्यापार में उतार-चढ़ाव के जोखिमों से हम वाकिफ होते हैं और इस तरह नुकसान से पार पाने के लिए पहले से तैयार भी रहते हैं। पर पिछले कुछ सालों से व्यापार में घाटे और कर्ज का बोझ बढ़ने की वजह से खुदकुशी की घटनाएं बढ़ी हैं। यह प्रवृत्ति केवल बड़े नुकसान उठाने वाले व्यापारियों में नहीं, छोटे और खुदरा व्यापार करने वालों में भी देखी गई है, जो अक्सर बहुत आसानी से अपना धंधा बदल लेने को तैयार रहते हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# निर्भया के दोषियों को तिहाड़ की जेल नंबर-3 में यहां दी जाएगी फांसी

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में बंद निर्भया के चारों दोषियों को फांसी देने वाली दया याचिका पर अभी राष्ट्रपति की ओर से कोई अंतिम फैसला नहीं आया है। लेकिन इससे पहले तिहाड़ जेल में फांसी कोठी और अन्य चीजों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी प्रकरण में एनबीटी आपको बताएगा कि तिहाड़ की कौन सी जेल में और कहां पर है फांसी का तख्ता। जहां कैदियों को फांसी दी जाती है। साथ ही निर्भया के चारों दोषी भी धीरे-धीरे शांत मुद्रा में आने लगे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि दोषियों को 16 या फिर 29 दिसंबर (निर्भया की मौत हुई थी इस दिन) को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

तिहाड़ में फांसी का तख्ता यहां की उस जेल नंबर-3 में है जिसमें संसद हमले के दोषी आतंकवादी अफजल को रखा गया था। जेल नंबर-3 की डयोढ़ी में प्रवेश करने के बाद गेट से जेल के अंदर जाते ही सीधे हाथ




की ओर फांसी कोठी के लिए रास्ता जा रहा है। यहां फांसी कोठी से लगते हुए ही 16 हाई रिस्क सेल हैं। इन्हीं में से एक में अफजल को रखा गया था। इसी से लगती करीब 50 स्कवॉयर मीटर जगह में फांसी कोठी बनाई गई है। इसके गेट पर हरदम ताला लगा रहता है। फांसी कोठी के गेट से अंदर घुसते ही लेफ्ट साइड में फांसी का तख्ता है। इसमें फांसी देने वाले प्लेटफॉर्म के नीचे एक बेसमेंट बनाया गया है। जहां कुछ दिन पहले बारिश का पानी भरा हुआ था। उसे निकाल दिया गया है। बेसमेंट में जाने के लिए करीब 20 सीढ़ियां हैं। जिनसे नीचे उतरकर फांसी पर लटकाए गए कैदी को बाहर निकाला जाता है। फांसी कोठी के ऊपर कोई छत नहीं है। इससे लगता ही एक छोटा सा पार्क भी बनाया गया है। जहां इन 16 सेल में रखे जाने वाले खतरनाक कैदी सैर करते हैं।

निर्भया के कैदियों को फांसी देने वाली बात पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। लेकिन इस बीच मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जेल प्रशासन ने निर्भया गैंगरेप के तीन दोषी अक्षय, मुकेश और मंडोली जेल से यहां शिफ्ट किए गए पवन को तिहाड़ की जेल नंबर-2 के वॉर्ड नंबर-3 के तीन सेल में रखा गया है। जबकि चौथे कैदी विनय शर्मा को जेल नंबर-4 में रखा हुआ है।

जेल अधिकारियों का कहना है कि अभी यह चारों सामान्य तौर पर ही खाना-पीना खा रहे हैं। लेकिन अब कुछ नर्वस होने लगे हैं। जेल सूत्रों का कहना है कि वैसे तो फांसी देने के लिए वह विशेष रस्सी बक्सर जेल से ही मंगाई जाएगी। लेकिन पूणे की यरवदा सेंट्रल जेल में भी ऐसी विशेष रस्सियां बनती हैं। लिहाजा तिहाड़ जेल प्रशासन वहां से भी रस्सी मंगा सकता है।

जल्लाद बुलाने वाले मामले में जेल अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रपति के यहां से जैसे ही इनकी दया याचिका खारिज होगी।

वैसे ही देश में जहां भी जल्लाद उपलब्ध होगा उसे बुला लिया जाएगा। इसमें गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल और यूपी में से कहीं से भी फांसी देने के लिए जल्लाद को बुला लिया जाएगा।

# अयोध्या फैसले के वक्त योगी सरकार के 'ऐक्शन' की अजित डोभाल ने की तारीफ

**लखनऊ।** अयोध्या विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट का जब फैसला आया तो सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर थीं। चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल तैनात किया गया था। मीडिया, सोशल मीडिया समेत कई माध्यमों के जरिए लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने योगी सरकार को पत्र लिखकर इस कार्य की सराहना की है।

पत्र में आरके तिवारी को संबोधित करते हुए अजीत डोभाल लिखा गया है, 'अयोध्या मामले की सुनवाई के समय उत्तर प्रदेश में संभावित हर स्थिति से निपटने के लिए आपकी ओर से जो प्रयास किया गया है, वह सराहनीय है। राज्य और केंद्र सरकार के सभी तंत्र के साथ तालमेल बनाए रखने, शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस



के साथ समन्वय सुनिश्चित करने में मैं आपकी महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना करता हूं।'

बता दें कि 70 साल तक चली कानूनी लड़ाई, 40 दिन तक लगातार मैराथन सुनवाई के बाद अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का बहुप्रतीक्षित फैसला आ गया। राजनीतिक रूप से संवेदनशील राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ ने सर्वसम्मति यानी 5-0 से ऐतिहासिक फैसला सुनाया। निर्मोही अखाड़े के दावे को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रामलला विराजमान और सुन्नी वक्फ बोर्ड को ही पक्षकार माना। टॉप कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा विवादित जमीन को तीन पक्षों में बांटने के फैसले को अतार्किक करार दिया। आखिर में सुप्रीम कोर्ट ने रामलला विराजमान के पक्ष में फैसला सुनाया।

# टेक्नॉलजी से महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाएगी यूपी पुलिस



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध की बढ़ती घटनाओं के बीच राज्य की पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए कुछ कदम उठाने की घोषणा की है। इनमें छेड़खानी पर रोक लगाने के लिए बनाई गई ऐंटी रोमियो स्क्वॉड को बेहतर तकनीकी मदद देना शामिल है।

यूपी पुलिस ने कहा कि वह एंटी रोमियो स्क्वॉड और ट्रैफिक पुलिस को 25,000 बॉडी कैमरा और पोस्टमॉर्टम किट मुहैया कराएगी। इसके अलावा क्राइम ऐंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क्स ऐंड सिस्टम्स को पांच हजार हैंडहेल्ड मोबाइल टैबलेट और 15 हजार डेस्कटॉप मॉनिटर इस वित्त वर्ष में दिए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सोमवार को राज्य में 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के फैसला लिया था। इससे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हुए अपराधों की सुनवाई तेज करने में मदद मिलेगी। यूपी पुलिस ने रात 10 बजे से सुबह छह बजे के बीच महिलाओं को पब्लिक रिस्पॉन्स वीइकल (ढफर) की सुविधा देने का भी ऐलान किया है। इसके तहत रात में अकेले ट्रैवल कर रहीं महिलाओं को डेस्टिनेशन तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा। इसके लिए उन्हें स्टेट इमर्जेंसी नंबर 112 पर कॉल करना होगा।

लेजिस्लेटिव रिसर्च करने वाली एनजीओ ढफर इंडिया के मुताबिक, राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2019-20 के बजट में पुलिस के लिए पिछले फिस्कल के मुकाबले 44 पर्सेंट अधिक फंड आवंटित किए हैं। इसके खर्च के लिए की गई बढ़त स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात आदि सेक्टरों से ज्यादा है। इसके बावजूद राज्य में अपराध के बढ़ते स्तर पर लगाम कसने में प्रशासन और पुलिस की नाकामयाबी की पूरे देश में आलोचना हो रही है।

# सेल्फी क्लिक करने के दौरान तालाब में गिरीं दो लड़कियां, बचाने में चक्कर में तीन की डूबकर मौत

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में सेल्फी के क्रेज के चलते 3 लोगों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। राजकोट के पास रैया गांव में तालाब के पास सेल्फी लेते हुए दो लड़कियां पानी में गिर गईं। उनको बचाने के लिए तीन लोगों ने तालाब में छलांग लगा दी। लड़कियां तो बचा ली गईं लेकिन पानी अधिक होने की वजह से तीनों की डूबकर मौत हो गई।

मृतकों की पहचान शक्ति सोलंकी (17), अजय परमार (18) और त्रिभुवन मेरजा (35) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शक्ति और अजय



दोनों लड़कियों पूजा (17) और दर्शना (17) के साथ आए थे। रैया गांव में परशुराम मंदिर के नजदीक चारों साइटसीइंग का लुत्फ ले रहे थे, इसी दौरान पूजा तालाब के किनारे खड़ी होकर चारों के साथ सेल्फी क्लिक करने लगी।

अचानक से पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गई। तालाब में गिरते वक्त उसने दर्शना का हाथ भी खींच लिया। शक्ति और अजय दोनों लड़कियों को बचाने के लिए तालाब में कूद गए। पास में ही तालाब में मछलियों को दाना डाल रहे त्रिभुवन ने जब चारों को पानी में संघर्ष करते देखा तो वह भी उन्हें बचाने दौड़े। त्रिभुवन तैरना जानते थे इसलिए उन्होंने तालाब में छलांग लगाकर दोनों लड़कियों को बचा लिया लेकिन लड़कों को बचाने के लिए वह तालाब की गहराई में चले गए और डूब गए। राजकोट फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने बाद में तीनों के शव बाहर निकाले।

# यूपी: ओमप्रकाश राजभर के साथ आए 4 दल, भागीदारी संकल्प मोर्चा बनाया


**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने पांच छोटे दलों को जोड़ कर भागीदारी संकल्प मोर्चा बनाया है। मोर्चे में एसबीएसपी के अलावा बाबू सिंह कुशवाहा की जन अधिकार पार्टी, प्रेम चंद्र प्रजापति की राष्ट्रीय उपेक्षित समाज पार्टी, अनिल सिंह चौहान की जनता क्रांति पार्टी और बाबूराम पाल की राष्ट्र उदय पार्टी शामिल हैं। पांचों नेताओं ने मंगलवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रदेश सरकार पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को निजी हाथों में नहीं देती, लेकिन बीजेपी सरकार ऐसा कर रही है। नेताओं ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाकर सीएम योगी पर निशाना साधा। साथ ही सीएम योगी का इस्तीफा मांगा। बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि कई छोटे दल भागीदारी संकल्प मोर्चा के संपर्क में हैं। उनके साथ मिल कर यूपी की 403 सीटों पर अगला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि उन्होंने साफ किया कि किसी बड़े दल से समझौता नहीं करेंगे।

# स्टैचू ऑफ यूनिटी ने स्टैचू ऑफ लिबर्टी को पीछे छोड़ा, रोजाना इतने पर्यटक कर रहे दीदार

सरदार वल्लभभाई की प्रतिमा (स्टैचू ऑफ यूनिटी) ने एक साल के अनावरण के एक साल के अंदर एक और रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के अनुसार स्टैचू ऑफ यूनिटी को देखने के लिए एक दिन में लगभग 15000 पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की यह संख्या अमेरिका के स्टैचू ऑफ लिबर्टी को देखने वाले पर्यटकों से अधिक है। इसको देखने के लिए एक दिन में लगभग 10000 पर्यटक आते हैं।

स्टैचू ऑफ यूनिटी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। 180 मीटर ऊंची यह प्रतिमा गुजरात के केवड़िया शहर में नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर डैम के पास स्थित है। सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड ने पर्यटकों की बढ़ती संख्या के लिए डिनो ट्रेल, तितली गार्डन, कैक्टस गार्डन, चिल्ड्रन पार्क, जंगल सफारी, ग्लो गार्डन, फूड कोर्ट, वाई-फाई ऐक्सेस आदि को क्रेडिट दिया है।

इसके अलावा सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड ने कहा कि इस साल पिछले साल की तुलना में स्टैचू देखने के लिए आने वाले पर्यटक बढ़े हैं। इस तरह अगर रोजाना आने वाले पर्यटक की बात की जाए तो स्टैचू ऑफ यूनिटी ने अमेरिका की स्टैचू ऑफ लिबर्टी को पीछे छोड़ दिया है।



**ऐसे पहुंचे स्टैचू ऑफ यूनिटी**

स्टैचू ऑफ यूनिटी तक पहुंचने के लिए आपको वडोदरा रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट तक का टिकट लेना होगा। यहां से आप सड़क मार्ग के जरिए केवड़िया पहुंच सकते हैं। अगर आप अहमदाबाद से आएंगे तो आपको 200 किमी की दूरी तय करनी होगी। वैसे आप भरूच रेलवे स्टेशन तक की कोई ट्रेन भी ले सकते हैं। यह भी केवड़िया का नजदीक के स्टेशन में से एक है। केवड़िया पहुंचने के बाद आपको साधु आइलैंड तक आना होगा। केवड़िया से साधु आइलैंड तक 3.5 किमी तक लंबा राजमार्ग भी बनाया गया है। इसके बाद मेन रोड से स्टैचू तक 320 मीटर लंबा ब्रिज लिंक भी बना हुआ है।

# केरल का सबसे ऊंचा पुल अब बनेगा टूरिस्ट स्पॉट



**केरल का ब्रिज**

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने हाल ही में राज्य के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन किया है। इस पुल को अब टूरिस्ट प्लेस के लिए विकसित किया जाएगा। 120 मीटर की ऊंचाई का यह पुल ववादकम नदी पर बनाया गया है। इस पुल के बनने से पहले स्थानीय लोग नदी पार करने के लिए नावों पर निर्भर रहते थे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, एक ग्लास ब्रिज बनाने का भी प्रस्ताव है ताकि लोग पुल के आसपास नदी, नावों और पहाड़ियों के दृश्यों को देखकर इंजॉय कर सकें। एक अधिकारी का कहना है कि पहले फेज में एक फूड कोर्ट, एक ओपन एयर स्टज और एक टॉइलट ब्लॉक यहां बनाया जाएगा। अयम कादावू नाम के इस पुल को कसारगोड विकास पैकेज के 17 करोड़ रुपये से बनाया गया। बता दें कि यह क्षेत्र के खूबसूरत दृश्यों के साथ दो पहाड़ियों को जोड़ता है। इस पुल के बन जाने से लोगों का काफी सुविधा मिलने वाली है। इस पुल कई स्थानों से संपर्क में आसानी होगी। बताते चलें कि इस पुल का प्रस्ताव पी प्रभाकरण आयोग ने रखा था। इसके बाद 2012 में तत्कालीन सरकार ने इस पुल के लिए तैयारी शुरू कर दी। इस पुल की आधारशिला दिसंबर, 2016 में रखी गई थी।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
खानपान नियंत्रित व संतुलित रखें। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृष**
जरुरी न हो तो यात्रा व निवेश न करें। मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी। साथी व सहयोगी पूर्ण मदद करेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता।

**मिथुन**
आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रह सकती है। आर्थिक पक्ष बेहतर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क**
संतान की गतिविधियां चिंता का कारण बन सकती हैं। आय व्यय का संतुलन बनाकर कार्य करें। नकारात्मकता को अपने हावी न होने दें।

**सिंह**
बैसा आने से पहले ही जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या**
वरिष्ठजनों का साथ हितकारी रहेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क हो सकता है। कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

**तुला**
रुके अधूरे कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। कामकाज में ईमानदारी पसंद करेंगे। समाज के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**वृश्चिक**
अचानक विपरीत हुई परिस्थितियों से मन दुखी हो सकता है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। पड़ोसियों से कुछ मतभेद हो सकते हैं।

**धनु**
क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें। मित्रों पर आंख बंद कर विश्वास न करें। भूमि, भवन के कार्यों के सिलसिले में यात्रा हो सकती है।

**मकर**
बुद्धि व विवेक से महत्वपूर्ण मसले सुलझाएंगे। कार्य के प्रति आपका दृष्टिकोण रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ रुझान बढ़ेगा।

**कुंभ**
जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। राजकीय कार्यों में सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आमोद प्रमोद में समय व्यतीत करेंगे। निवेश लाभदायक।

**मीन**
संतान की ओर से उत्साहवर्धक समाचार मिल सकता है। पिता का प्रेम व सहयोग मिलेगा। आध्यात्म व दर्शन के प्रति रुचि बढ़ेगी। यात्रा टालें।

# वियतनाम में क्रिसमस सेलिब्रेशन करने के लिए आईआरसीटीसी का शानदार ऑफर



क्रिसमस आने वाला है और आप कहीं देश के बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं तो इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) आपके लिए खास पैकेज लेकर आया है। आईआरसीटीसी क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए वियतनाम का एक टूर पैकेज लाया है।

इस पैकेज की शुरूआत 23 दिसंबर को कोलकाता से होगी। इस पैकेज के तहत आपको पांच दिन और चार रात मिलेंगे।

इस टूर पैकेज में फ्लाइट की आने-जाने की टिकट, थ्री-स्टार होटल में रहना और तीनों समय का खाना शामिल रहेगा। इसके अलावा पैकेज में हलोंग की खाड़ी में क्रूज पर एक रात बिताने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही पैकेज में हनोई ट्रिप भी शामिल है।

**पैकेज की डिटेल**

**इतना देना होगा किराया**

अगर आप इस टूर पैकेज को तीन लोगों के लिए लेते हैं तो आपको प्रति व्यक्ति 49100 रुपए और दो लोगों के लिए लेने पर भी प्रति व्यक्ति 49100 रुपए खर्च होंगे। वहीं, पैकेज में एक लोगों को 63500 रुपए देने होंगे। अगर आप बच्चे के लिए पैकेज लेंगे तो बेड के साथ 42600 रुपये और बिना बेड के 36100 रुपये चुकाने होंगे।

# साउथ एशियन गेम्सः भारत ने रेकॉर्ड 312 पदकों के साथ किया अपना अभियान समाप्त

**काठमांडू।** भारत ने 13वें साउथ एशियन गेम्स (सैग) में यहां अपने अभियान का अंत रेकॉर्ड 312 मेडलों के साथ किया जिसमें 174 गोल्ड के अलावा 93 सिल्वर और 45 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। भारत ने गुवाहाटी और शिलांग में आयोजित हुए इन खेलों के पिछले सत्र (2016) में कुल 309 मेडल हासिल किए थे जिसमें 189 गोल्ड शामिल थे। इस बार हालांकि गोल्ड मेडल की संख्या पिछली बार से 15 कम है। मेजबान नेपाल 206 मेडल (51 गोल्ड, 60 सिल्वर और 95 ब्रॉन्ज) के साथ दूसरे जबकि श्रीलंका 251 मेडलों (40 गोल्ड, 83 सिल्वर और 128 ब्रॉन्ज) के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

भारत 1984 में शुरू हुए इन खेलों के सभी आयोजन में मेडल तालिका में शीर्ष पर रहा है। मंगलवार को इन खेलों के आखिरी दिन भारत ने 15 गोल्ड सहित दो




सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल के साथ कुल 18 मेडल हासिल किए। इसमें मुक्केबाजों ने छह गोल्ड और एक सिल्वर मेडल हासिल किया। बास्केटबॉल में भारत की पुरूष और महिला टीमों ने क्रमशः श्रीलंका (101-62) और मेजबान नेपाल (127-46) को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किए। विकास कृष्ण (69 किग्रा) और पिंकी रानी (51 किग्रा) की अगुआई में भारत ने 6 और गोल्ड मेडल जीते जिससे भारतीय मुक्केबाजी दल ने अपने अभियान का अंत 16 मेडल के साथ किया।

पुरुष वर्ग में विकास के अलावा स्पर्श कुमार (52 किग्रा) और नरेंदर (91 किग्रा से अधिक) ने भी गोल्ड मेडल जीते जबकि महिला मुक्केबाजों में सोनिया लाठेर (57 किग्रा) और मंजू बमबोरिया (64 किग्रा) ने भी सोने के तमगे हासिल किए। भारत ने यहां मुक्केबाजी स्पधाओं में 12 गोल्ड, तीन सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट विकास ने पाकिस्तान के गुल जैब को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। नरेंदर को भी नेपाल के आशीष दुवादी को 5-0 से हराने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। स्पर्श कुमार को हालांकि पाकिस्तान के सैयद मोहम्मद आसिफ के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वरिंदर सिंह (60 किग्रा) स्पर्धा के अंतिम दिन फाइनल में शिकस्त झेलने वाले एकमात्र भारतीय रहे। उन्हें कड़े मुकाबले में नेपाल के सानिल शाही के खिलाफ 2-3 की हार से सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। मंगलवार को फाइनल में उतरीं भारत की सभी महिला मुक्केबाजों ने गोल्ड मेडल जीता। विश्व चैंपियनशिप की पूर्व सिल्वर मेडल विजेता सोनिया ने श्रीलंका की क्रिस्मी आयोमा दुलांग लंकापुरयालगे के खिलाफ 5-0 की आसान जीत दर्ज की जबकि राष्ट्रमंडल खेल 2014 की ब्रॉन्ज मेडल विजेता पिंकी और मंजू को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रानी ने नेपाल की राइ माला को 3-2 से हराया जबकि मंजू ने भी नेपाल की पूनम रावल को इसी अंतर से मात दी।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 10 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट मैच

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान में 10 साल के लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट की वापसी हुई और रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ आज से (बुधवार) सीरीज का पहला टेस्ट मैच शुरू हो गया। साल 2009 के बाद पाकिस्तान की मेजबानी में यह पहला टेस्ट मैच है।

श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की कमान अजहर अली संभाल रहे हैं। पाकिस्तान के 2 खिलाड़ियों का इस मैच से टेस्ट डेब्यू हो रहा है। ओपनर आबिद अली और उस्मान खान शिनवारी अपने करियर का पहला टेस्ट मैच खेलने उतरे हैं।

रावलपिंडी में इस मैच के लिए स्टेडियम में और इसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिसकर्मी स्टेडियम के आसपास चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। जब क्रिकेटरों को स्टेडियम में लाया गया था, तब भी बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी उनकी गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहे थे। दोनों टीमों ने पिछला



टेस्ट मैच 2009 में पाकिस्तान में ही खेला था, जब श्रीलंकाई टीम की बस पर आंतकी हमले हुए थे। उन हमलों के बाद पाकिस्तान में कोई भी टीम टेस्ट सीरीज के लिए नहीं गई। पाकिस्तान ने 'होम' टेस्ट संयुक्त अरब अमीरात की मेजबानी में खेले। श्रीलंकाई टीम इस साल सितंबर-अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे पर आई थी, जब उसने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेले थे। पाकिस्तान ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में टेस्ट सीरीज खेली लेकिन उसे तब 3 मैचों की टी20 और दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान इस सीरीज को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहा है। इन दोनों देशों के बीच कराची के नैशनल स्टेडियम में 1982 में जब पहला टेस्ट मैच खेला गया था तब वानापुर्रा और मियांदाद अपनी-अपनी टीमों के कप्तान थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ढउइ) ने इस ऐतिहासिक टेस्ट मैच के लिए बांडुला वानापुर्रा और जावेद मियांदाद को विशेष अतिथि के तौर पर न्योता भेजा।

विभाग का कहना है कि बारिश गुरुवार से शुरू हो सकती है और यह शनिवार तक जारी रह सकती है। श्रीलंकाई टीम इस साल सितंबर में जब पाकिस्तान आई थी तो फिर उस समय भी बारिश के कारण पहले वनडे मैच को रद्द करना पड़ा था। रावलपिंडी की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल मानी जाती है और अगर बारिश आती है तो इस पर फर्क पड़ सकता है। रावलपिंडी वही मैदान है जहां साल 1994 में ऑस्ट्रेलिया और पाक के बीच टेस्ट मैच में 22 में से 19 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की थी। केवल 3 खिलाड़ी इंजमाम उल हक, जाहिद फजल और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर इयान हिली ने गेंदबाजी नहीं की थी।

## मौजूदा चैंपियन सिंधु को विश्व टूर फाइनल्स में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**ग्वांग्झू।** विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने के बाद से खराब दौर से जूझ रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को उम्मीद है कि यहां बुधवार से शुरू हो रहे सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में वह फॉर्म में लौटेंगी। सिंधु ने अगस्त में बासेल में विश्व चैंपियनशिप जीती, लेकिन उसके बाद से वह लगातार खराब फॉर्म में हैं। ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट सिंधु जुलाई में इंडोनेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नमेंट के फाइनल में पहुंची थीं।

इसके बाद कोरिया ओपन और फुजोउ ओपन में पहले दौर से बाहर हो गईं जबकि चाइना ओपन, डेनमार्क ओपन और हॉन्गकॉन्ग ओपन के दूसरे दौर में हारीं। बीडब्ल्यूएफ रेस टू ग्वांग्झू रैंकिंग में सिर्फ शीर्ष आठ खिलाड़ी ही विश्व टूर फाइनल्स खेलते हैं। सिंधु इस साल के आखिर में 15वें स्थान पर होगी, लेकिन विश्व चैंपियन होने के कारण उन्हें खेलने का मौका मिलेगा। सिंधु ने विश्व फाइनल्स की तैयारी के लिये हॉन्गकॉन्ग ओपन के बाद ब्रेक लिया था। वह 2017 और 2018 में फाइनल खेल चुकी है। इस बार उसे ग्रुप ए में चीन की चेन यू फेइ, हि बिंग जियाओ और जापान की अकाने यामागुची के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ताइवान की तेइ जू यिंग, थाइलैंड की रेचानोक इंतानोन और बुसानन ओंगबामरूंगफन और जापान की नोजोमी ओकुहारा हैं। सिंधु को पहला मैच यामागुची से खेलना है जिसने इंडानेशिया और जापान में खिताब जीते। उसके बाद कूल्हे की चोट के कारण वह चार टूर्नमेंटों से पहले दौर में बाहर हुईं। सिंधु का इस जापानी खिलाड़ी के खिलाफ 10-6 का रेकॉर्ड है, लेकिन वह इससे पिछले दो मैच हारी है।

## भारत को लगातार दूसरे वर्ल्ड कप की मेजबानी योग्यता के आधार परः एफआईएच सीईओ

**नई दिल्ली।** इंटरनैशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थिएरी वेल ने कहा है कि 2023 में होने वाले पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी का अधिकार भारत को योग्यता के आधार पर दिया गया है। यह लगातार दूसरी बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नमेंट की मेजबानी करेगा। वेल ने कहा कि भारत जैसे देश में खेल की वित्तीय व्यावहारिकता पर विचार करने के बाद मलयेशिया की जगह उसे प्राथमिकता दी गई। उन्होंने लुसाने से टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए भारतीय पत्रकारों से बातचीत की।

उन्होंने कहा, मेरा ताल्लुक किसी अन्य खेल फुटबॉल से है, जहां जब भी हम वर्ल्ड कप का आयोजन करते हैं, तो हम सभी की बेवजह खर्च करने के लिए बहुत आलोचना की जाती है। ऐसे में मैं इस बात को लेकर खुश हूं कि हमने भुवनेश्वर जैसे स्थल को दूसरी बार इस्तेमाल करने का फैसला किया है। उस स्थल के निर्माण के लिए काफी मेहनत और निवेश हुआ है। मेरे विचार से हमारे पास फिलहाल जितने भी स्थल हैं, वह सर्वश्रेष्ठ हैं।

भारत इस तरह से चार बार विश्व कप (पुरुष) की मेजबानी करने वाला पहला देश बनेगा। भारत ने इससे पहले 1982 (मुंबई), 2010 (दिल्ली) और 2018 (भुवनेश्वर) में इस टूर्नमेंट की मेजाबानी की है। नीदरलैंड ने भी तीन बार इसकी मेजबानी की है।

वेल ने कहा, मेजबानी की बोली एक खुली प्रक्रिया के तहत थी। मलयेशिया सहित अन्य देशों से भी काफी अच्छी बोली मिली। भारत को मेजबानी देने का फैसला वाणिज्यिक प्रासंगिकता और उच्च वित्तीय योगदान को ध्यान में रखते हुए तय किया गया था। एफआईएच को राजस्व की आवश्यकता है। भारत ने अपनी बोली में सभी चीजों को अच्छे से शामिल किया था। ईमानदारी से कहूं तो इस खेल में भारत जैसा देश होने से बहुत फर्क पड़ता है क्योंकि देश के आकार और जनसंख्या के साथ यहां हाकी प्रेमियों की बड़ी संख्या है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'बहुत सोच-समझ कर फिल्में प्रड्यूस करूंगी'



**मंगलवार** की दोपहर मुंबई में दीपिका पादुकोण और विक्रांत मेसी स्टारर फिल्म 'छपाक' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। पहली बार अपनी फिल्म का ट्रेलर बड़े परदे पर देखकर दीपिका बेहद इमोशनल हो गईं और बुरी तरह रो पड़ीं। इस फिल्म से दीपिका फिल्म प्रॉडक्शन में भी कदम रख रही हैं। दीपिका फिल्म 'छपाक' की को-प्रड्यूसर भी हैं। इस मौके पर दीपिका से सवाल किया गया कि एक निर्माता के तौर पर वह अपने प्रॉडक्शन में किस तरह की फिल्मों का निर्माण करेंगी। इस समय 'छपाक' के अलावा और कौन-कौन सी फिल्में हैं? जवाब में दीपिका ने कहा, मैं अपने प्रॉडक्शन हाउस में अंधाधुन फिल्मों का निर्माण नहीं करना चाहती, मैं फिल्मों का प्रॉडक्शन प्रॉपर ढंग से देख-समझ कर करूंगी, जैसे एक ऐक्टर के तौर पर मैं फिल्म की स्क्रिप्ट का चुनाव करती हूं, ठीक ऐसा ही प्रॉसेस फिल्म प्रड्यूस करने का होगा। दीपिका आगे कहती हैं, मैं यहां पर बैठकर एक अनुभवी निर्माता की तरह बात नहीं करना चाहती, क्योंकि मुझे फिल्मों के निर्माण का अनुभव नहीं है। मैं यहां सीख-समझ कर फिल्म निर्माण में अपना सहयोग देने के लिए हूं। मैं ऐसा बिल्कुल भी नहीं जताऊंगी मुझे सबकुछ आता है, मैं यह भी जानती हूं कि इस दौरान मुझसे गलतियां भी होंगी। फिल्मों के चुनाव में मेरा इरादा ठीक वैसा ही रहेगा, जैसा एक ऐक्टर के तौर पर रहा है।

# प्रियंका चोपड़ा का हंस-हंसकर हुआ बुरा हाल



**प्रियंका** चोपड़ा खुद पेट ओनर हैं। उनके पास डॉगी है और एक डॉगी उन्होंने अपने पति निक जोनस को भी ऐनिवर्सरी पर गिफ्ट किया है। एनिमल लवर प्रियंका ने इस बार अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी एनिमल से जुड़ा एक विडियो शेयर किया है, जिसे उन्होंने बेहद फनी पाया। ऐक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर जो विडियो साझा किया है वह बिल्लियों से जुड़ा हुआ है। इस विडियो में अलग-अलग कैट ओनर अपने मोबाइल पर कैट फिल्टर का इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं। इस दौरान वे अपनी बिल्लियों को गोदी में लिए दिखाई देते हैं। मोबाइल पर जैसे ही बिल्लियां अपने ओनर के फेस पर कैट फिल्टर देखती हैं उनकी आंखें हैरत के कारण बड़ी हो जाती हैं। कुछ बिल्लियां डर जाती हैं तो कुछ ओनर पर ही हमला करने लगती हैं। विडियो देख प्रियंका चोपड़ा का हंस-हंसकर बुरा हाल हो गया। उन्होंने यह बात विडियो के साथ लिखे कैप्शन के जरिए फैन्स के साथ शेयर की है। वैसे बता दें कि, कैट फिल्टर से जुड़ा विडियो सोशल मीडिया पर काफी दिनों से वायरल हो रहा है, जिसके बाद कई कैट ओनर्स अपनी बिल्लियों के रिऐक्शन विडियोज शेयर करते दिख रहे हैं।



# बेस्ट ऐक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला तो शाहिद कपूर ने परफॉर्म करने से किया मना?

ऐक्टर शाहिद कपूर हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में परफॉर्म करने वाले थे, लेकिन अब कहा जा रहा है कि शाहिद ने परफॉर्म करने से मना कर दिया है। सूत्रों की मानें तो जब शाहिद को पता चला कि 'कबीर सिंह' के लिए बेस्ट ऐक्टर का अवॉर्ड उनके बजाय किसी और फिल्म के लिए किसी अन्य ऐक्टर को दिया जा रहा है, तो उन्होंने परफॉर्मेंस लिस्ट से अपना नाम वापस ले लिया। इवेंट से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि शाहिद बेस्ट ऐक्टर की कैटिगरी के परिणामों से खुश नहीं थे और इसलिए उन्होंने स्टेज परफॉर्मेंस देने से मना कर दिया। उसने आगे कहा, शाहिद को पूरी उम्मीद थी कि उन्हें 'कबीर सिंह' के लिए बेस्ट ऐक्टर का अवॉर्ड मिलेगा। लेकिन जब उन्होंने देखा कि यह अवॉर्ड 'गली बॉय' के लिए रणवीर सिंह को दिया जा रहा है तो उन्होंने परफॉर्म करने से मना कर दिया। इतने बड़े अवॉर्ड को अपने हाथों से जाता देख शाहिद बिल्कुल भी खुश नहीं थे। शाहिद के मना करने के बाद अवॉर्ड शो के आयोजक वरुण धवन के पास गए। और इस तरह आखिरी मिनट पर स्टेज परफॉर्मेंस के लिए शाहिद की जगह वरुण को साइन किया गया।